सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
फाल्गुन 04, शुक्रवार, *शाके* 1945-फरवरी 23, 2024 *Phalguna 04 Friday , Saka 1945- February 23 , 2024*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

कार्यालय पंजीयक विभागीय परीक्षा

आबकारी विभाग के आबकारी निरीक्षक राज0,उदयपुर

अधिसूचना

उदयपुर, जनवरी 22, 2024

संख्या : प.19()/वि.परीक्षा/साप्र./आब/2017/535: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान असैनिक सेवाऐं (विभागीय परीक्षा) नियम, 1959 के अन्तर्गत राजस्थान आबकारी निरीक्षक (आबकारी विभाग) की विभागीय परीक्षा (अधीनस्थ सेवायें) राजस्थान उदयपुर में दिनांक 28.02.2024, 29.02.2024 व 01.03.2024 को निम्नानुसार होगी:-

क्र0 सं0	परीक्षा की दिनांक	समय	प्रश्न पत्र	परीक्षा का विषय
1	28.02.2024 बुधवार	दोपहर 2.30P.M. से 5.30P.M.	प्रथम	राजस्थान सेवा नियम,वित्त एवं लेखा नियम
2	29.02.2024 गुरूवार	दोपहर 2.30P.M. से 5.30P.M.	द्वितीय	आबकारी नियम एवं प्रक्रिया
3	01.03.2024 शुक्रवार	दोपहर 2.30P.M. से 5.30P.M.	तृतीय	दण्ड संहिता प्रक्रिया, आई0 पी0 सी0 एवं इवीडेन्स एक्ट

उपरोक्त विभागीय परीक्षा का पाठयक्रम (सिलेबस) राजस्थान राजपत्र भाग-2 दिनांक 05.09.1968 के अनुसार होगा।

विभागीय परीक्षा 1959 के नियम 8 के अन्तर्गत जो आबकारी निरीक्षक परीक्षा में बैठने के पात्र हैं एवं परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं वे अपना प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रपत्र में उचित माध्यम से दिनांक 08.02.2024 तक या इससे पूर्व प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आबकारी निरीक्षकों को चाहिए कि वे निर्धारित प्रपत्र में अपने वर्तमान पदस्थापन का पूर्ण विवरण प्रेषित करें।

अंशदीप

आबकारी आयुक्त,राजस्थान

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।